रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 474] नई दिल्ली, मंगलवार, जुलाई 28, 2015/श्रावण 6, 1937
No. 474] NEW DELHI, TUESDAY, JULY 28, 2015/SRAVANA 6, 1937

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 27 जुलाई, 2015

सा.का.नि. 587(अ).—केंद्रीय सरकार, पथ विक्रेता (जीविका संरक्षण और पथ विक्रय विनियमन) अधिनियम, 2014 (2014 का 7) की धारा 2 की उप-धारा (1) के खंड (क) के उप-खंड (i) के साथ पठित धारा 36 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, लक्षद्वीप संघ राज्यक्षेत्र के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

अध्याय 1

प्रारंभिक

1. (1) संक्षिप्त नाम और प्रारंभ .—इन नियमों का संक्षिप्त नाम लक्षद्वीप संघ राज्यक्षेत्र, पथ विक्रेता (जीविका संरक्षण और पथ विक्रय विनियमन) नियम, 2015 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे ।

2. परिभाषा.— (1) इन नियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,-

(क) "अधिनियम" से, पथ विक्रेता (जीविका संरक्षण और पथ विक्रय विनियमन) अधिनियम, 2014 (2014 का 7) अभिप्रेत है ;

(ख) "उपनियम" से अधिनियम की धारा 37 के अधीन बनाए गए उपनियम अभिप्रेत हैं ;

(ग) "प्ररूप" से इन नियमों से उपाबद्ध प्ररूप अभिप्रेत है ;

(घ) "सरकार" से संघ राज्यक्षेत्र का प्रशासक अभिप्रेत है ;

(ङ) "शिकायत निपटान और विवाद समाधान समिति" से शिकायतों के निपटान या विवादों के समाधान के लिए अधिनियम की धारा 20 की उप-धारा (1) के अधीन सरकार द्वारा गठित समिति अभिप्रेत है ;

(च) "स्थानीय प्राधिकारी" से अधिनियम की धारा 2 की उप-धारा (1) के खंड (ग) के अधीन यथा परिभाषित स्थानीय प्राधिकारी अभिप्रेत है ;

(छ) "नगरपालिका आयुक्त" से किसी नगर निगम या नगर परिषद् का आयुक्त या मुख्य अधिकारी अभिप्रेत है और इसके अंतर्गत, यथास्थिति, संघ राज्यक्षेत्र विकास प्राधिकरण, यदि कोई हो, का उपाध्यक्ष या छावनी बोर्ड का कार्यपालक अधिकारी अभिप्रेत है ;

(ज) "नियम" से अधिनियम की धारा 36 के अधीन बनाए गए नियम अभिप्रेत हैं ;

(झ) "अनुसूची" से, यथास्थिति, इन नियमों या अधिनियम से उपाबद्ध अनुसूची अभिप्रेत है ;

(ञ) "स्कीम" से अधिनियम की धारा 38 के अधीन केंद्रीय सरकार द्वारा विरचित स्कीम अभिप्रेत है ;

(ट) "धारा" से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है ।

(2) वे शब्द और पद, जिनका इसमें उपयोग किया गया है और इसमें परिभाषित नहीं है किन्तु अधिनियम में परिभाषित हैं, का क्रमश: वही अर्थ होगा जो उनका अधिनियम में हैं ।

अध्याय 2

पथ विक्रय का विनियमन

3. विक्रय का प्रमाणपत्र जारी करने के लिए आयु विहित करना.—कोई पथ विक्रेता, जिसने चौदह वर्ष की आयु पूरी कर ली है, धारा 4 के अधीन उपबंधित रीति में विक्रय का प्रमाणपत्र जारी करने के लिए पात्र होगा ।

अध्याय 3

विवाद समाधान तंत्र

4. शिकायत निपटान और विवाद समाधान समितियों का गठन.—(1) अधिनियम की धारा 20 की उप-धारा (1) के अधीन सरकार द्वारा प्रत्येक स्थानीय प्राधिकरण के लिए एक शिकायत निपटान और विवाद समाधान समिति का गठन किया जाएगा, जो एक अध्यक्ष, जो सिविल न्यायाधीश या न्यायिक मजिस्ट्रेट रहा हो या तथा सदस्यों के रूप में दो अन्य व्यवसायियों से मिलकर बनेगी ।

(2) शिकायत निपटान और विवाद समाधान समिति के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति सरकार द्वारा पांच वर्ष की अवधि के लिए की जाएगी :

परंतु कोई अध्यक्ष उस रूप में 67 वर्ष की आयु प्राप्त करने के पश्चात् पद धारण नहीं करेगा ।

5. शिकायत निपटान और विवाद समाधान समिति के सदस्य के रूप में नियुक्ति के लिए अर्हताएं और अनुभव.—कोई व्यक्ति शिकायत निपटान और विवाद समाधान समिति में व्यवसायिक सदस्य के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र होगा, यदि वह-

(i) पैतीस वर्ष से अधिक आयु का है किन्तु पैंसठ वर्ष से कम आयु का है ; और

(ii) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री रखता है ; और

(iii) योग्यता, सत्यनिष्ठा का विख्यात व्यक्ति है और उसके पास पर्याप्त जानकारी या कम से कम दस वर्ष का सामाजिक कार्य का या पथ विक्रेताओं की समस्याओं से निपटने का या सार्वजनिक मामलों या नगरपालिका या लोक प्रशासन का अनुभव है ;

6. शिकायत निपटान और विवाद समाधान समिति के अध्यक्ष और सदस्यों का वेतन और अन्य भत्ते तथा अन्य निबंधन और शर्त.— (1) शिकायत निपटान और विवाद समाधान समिति का अध्यक्ष और सदस्य, समय-समय पर सरकार द्वारा अधिसूचित वेतन, भत्ते और अन्य परिलब्धियां प्राप्त करेंगे ।

(2) सरकार, शिकायत निपटान और विवाद समाधान समिति के अध्यक्ष और सदस्यों को पद से हटा सकेगी, यदि वह—

(क) दिवालिया न्यायनिर्णीत किया गया है ;

(ख) ऐसे किसी अपराध के लिए दोषसिद्ध किया गया है, जिसमें केंद्रीय सरकार की राय में नैतिक अधमता अंतर्वल्लित है ;

(ग) शारीरिक रूप से या मानसिक रूप से अध्यक्ष या सदस्य के रूप में कार्य करने में असमर्थ हो गया है ;

(घ) उसने ऐसा वित्तीय और अन्य हित अर्जित कर लिया है जिससे, यथास्थिति, अध्यक्ष या सदस्य के रूप में उसके कृत्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है ;

(ङ) उसने अपनी हैसियत का इस प्रकार दुरुपयोग किया है जिससे उसका पद पर बने रहना लोक हित के प्रतिकूल हो गया है :

परंतु अध्यक्ष या सदस्य को उसके पद से उपनियम (2) के खंड (घ) और खंड (ङ) में विनिर्दिष्ट आधारों पर सिवाय सरकार द्वारा इस निमित्त विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसरण में की गई जांच के नहीं हटाया जाएगा ।

(3) शिकायत निपटान और विवाद समाधान समिति के अध्यक्ष और सदस्यों की सेवा के निबंधनों और शर्तों में उनकी पदावधि के दौरान उनके अलाभप्रद रूप में परिवर्तन नहीं किया जाएगा ।

7. **शिकायत निपटान और विवाद समाधान समिति को आवेदन करने का प्ररूप और रीति.—**(1) अधिनियम की धारा 20 की उपधारा (2) के अधीन शिकायत निपटान और विवाद समाधान समिति को प्रत्येक आवेदन प्ररूप 'क' में किया जाएगा ।

(2) आवेदन पर आवेदक द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे और उसे उसके द्वारा या उसके प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा शिकायत निपटान और विवाद समाधान समिति को या ऐसे व्यक्ति को प्रस्तुत किया जाएगा जिसे समिति द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किया जाए ।

(3) आवेदन तीन सेटों में फाइल किया जाएगा और उसके साथ एक सौ रुपए की फीस संलग्न होगी ।

(4) आवेदन के साथ आदेश या सूचना, यदि कोई हो, जिसके विरुद्ध आवेदन किया गया है और सुसंगत दस्तावेज संलग्न होंगे ।

(5) पथ विक्रेता द्वारा ऐसा आवेदन शिकायत या विवाद कारित करने वाली किसी घटना के होने की तारीख से तीस दिन के भीतर किया जाएगा :

परंतु शिकायत निपटान और विवाद समाधान समिति विलंब को माफ कर सकेगी यदि उसका यह समाधान हो जाता है कि आवेदक को विहित समय के भीतर आवेदन न करने से पर्याप्त कारणों द्वारा निवारित किया गया था ।

8. **आवेदन के सत्यापन की रीति और जांच.—**(1) शिकायत निपटान के प्रत्येक आवेदन के प्राप्त होने पर शिकायत निपटान और विवाद समाधान समिति द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा इस प्रयोजन के लिए रखे गए रजिस्टर में दर्ज की जाएगी और क्रम संख्यांक रूप से संख्यांकित की जाएगी ।

(2) शिकायत निपटान और विवाद समाधान समिति द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत व्यक्ति रजिस्टर में प्रविष्ट करने के पश्चात् आवेदन को समिति के समक्ष रखेगा ।

(3) शिकायत निपटान और विवाद समाधान समिति आवेदन की सुनवाई के लिए एक तारीख नियत करेगी जो आवेदन फाइल करने की तारीख से पन्द्रह दिन से परे नहीं होगी और पक्षकारों को सुनवाई की सूचना जारी करेगी या सूचना जारी करना कारित करेगी ।

(4) शिकायत निपटान और विवाद समाधान समिति उपनियम (2) के अधीन सूचना जारी करते समय प्रत्यर्थी को एक लिखित कथन प्रस्तुत करने के लिए कहेगी और सूचना में इस प्रभाव का एक कथन अंतर्विष्ट होगा ।

(5) पक्षकारों की हाजिरी के लिए इस प्रकार नियत तारीख को शिकायत निपटान और विवाद समाधान समिति आवेदक को त्रुटियों, यदि कोई हो, को ठीक करने के लिए कह सकेगी या पक्षकारों को सुसंगत अभिलेख प्रस्तुत करने को या ऐसे अन्य दस्तावेज या साक्ष्य, जो वह ठीक और समुचित समझे, उसके द्वारा यथाविनिर्दिष्ट अवधि के भीतर प्रस्तुत करने के लिए कह सकेगी ।

(6) शिकायत निपटान और विवाद समाधान समिति आवेदक और प्रत्यर्थी द्वारा किए गए प्रतिविरोध के संबंध में तथा उसके प्रस्तुत अभिलेखों के निर्देश के लिए भी एक फील्ड जांच का भी आदेश कर सकेगी ।

IndiaCode

(7) शिकायत निपटान और विवाद समाधान समिति दोनों पक्षकारों को सुनने और मामले के अभिलेख की जांच करने के पश्चात् आवेदन प्रस्तुत करने के साठ दिन के भीतर, आवेदन का विनिश्चय करेगी और ऐसा आदेश पारित करेगी जो वह ठीक और समुचित समझे :

परंतु मामले की सुनवाई के दौरान यदि समिति का समाधान हो जाता है कि ऐसी परिस्थिति विद्यमान है, जो यह मांग करती है कि कोई अंतरिम अनुतोष दिया जाना चाहिए तो समिति ऐसे मामले के समाप्त होने तक और अगले आदेश तक ऐसा अंतरिम आदेश पारित कर सकेगी जो वह आवश्यक समझे ।

(8) शिकायत निपटान और विवाद समाधान समिति दोनों पक्षकारों के बीच समझौते की संभावना का भी पता लगाएगी और पक्षकारों के बीच समझौता हो जाने की दशा में समिति समझौते को अभिलिखित करेगी जिस पर दोनों पक्षकारों द्वारा या प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा या अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे और ऐसे समझौते के निबंधनों में आवेदन का निपटारा किया जाएगा ।

(9) शिकायत निपटान और विवाद समाधान समिति किसी आवेदन को ग्रहण नहीं करेगी जहां,--

(क) आवेदन अनाम है या उसमें साधारण और अस्पष्ट आरोप है ;

(ख) मामला किसी विधि के न्यायालय, अधिकरण या न्यायिक या अर्ध-न्यायिक प्राधिकारी के पास विचाराधीन है ;

(ग) मामला अधिनियम के क्षेत्राधिकार के परे है ;

(घ) आवेदक को आवेदन फाइल करने का अधिकार नहीं है ।

अध्याय 4

अपील

9. **शिकायत निपटान और विवाद समाधान समिति के आदेश या विनिश्चय के विरुद्ध अपील.—**(1) शिकायत निपटान और विवाद समाधान समिति के आदेश या विनिश्चय के विरुद्ध किसी व्यथित व्यक्ति द्वारा प्ररूप 'ख' में संबंधित स्थानीय प्राधिकरण द्वारा स्थानीय प्राधिकरण के मेयर या अध्यक्ष चेयरपर्सन के रूप में और 2 सदस्यों के जैसा कि साधारण बोर्ड बैठक में विनिश्चय किया जाए, से मिलकर बनने वाले अपील प्राधिकरण को उस आदेश या विनिश्चय, जिसके विरुद्ध अपील की गई है, की संसूचना के 30 दिन के भीतर अपील कर सकेगा :

परंतु अपील प्राधिकरण विलंब को माफ कर सकेगा यदि उसका यह समाधान हो जाता है कि अपीलार्थी को विहित समय के भीतर आवेदन करने से निवारित करने के पर्याप्त कारण थे ।

(2) अपील एक ज्ञापन के रूप में होगी और इस पर अपीलार्थी द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे तथा वह इसे वैयक्तिक रूप से या अपने प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से संबंधित स्थानीय प्राधिकारी को प्रस्तुत करेगा ।

(3) अपील ज्ञापन के साथ उस आदेश की मूल प्रति या आदेश की प्रमाणित प्रति होगी जिसके विरुद्ध अपील की गई है ।

(4) अपील तीन सेटों में की जाएगी और उसके साथ 200 रुपए की फीस संलग्न होगी ।

(5) ऐसी किसी अपील को तब तक ग्रहण नहीं किया जाएगा जब तक उसकी एक प्रति की, यथास्थिति, प्रत्यर्थी या प्रत्यर्थियों को तामील न कर दी गई हो और ऐसी तामील का सबूत फाइल न कर दिया गया हो ।

(6) किसी अपील को वहां ग्रहण नहीं किया जाएगा जहां आदेश शिकायत निपटान और विवाद समाधान समिति द्वारा पक्षकारों के बीच हुए समझौते के निबंधनों में पारित किया गया है ।

10. **नगर विक्रय समिति के विनिश्चय से अपील.—**(1) विक्रय प्रमाणपत्र को जारी करने या विक्रय प्रमाणपत्र को निरस्त या रद्द करने की बाबत नगर विक्रय समिति के विनिश्चय के विरुद्ध धारा 11 के अधीन अपील स्थानीय प्राधिकरण द्वारा स्थानीय प्राधिकरण के मेयर या अध्यक्ष चेयरपर्सन के रूप में और 2 सदस्यों के जैसा कि साधारण बोर्ड बैठक में विनिश्चय किया जाए, से मिलकर बनने वाले अपील प्राधिकरण को उस आदेश या विनिश्चय, जिसके विरुद्ध अपील की गई है, की संसूचना के 30 दिन के भीतर प्ररूप ग में अपील कर सकेगा :

परंतु अपील प्राधिकरण विलंब को माफ कर सकेगा, यदि उसका यह समाधान हो जाता है कि अपीलार्थी को विहित समय के भीतर अपील न करने से पर्याप्त कारणों से निवारित किया गया था :

IndiaCode

परंतु यह और कि अध्यक्ष की अनुपस्थिति में अध्यक्ष द्वारा नामनिर्दिष्ट किसी एक सदस्य द्वारा अपील प्राधिकरण की बैठक की अध्यक्षता की जा सकेगी ।

(2) अपील एक ज्ञापन के रूप में प्ररूप ग में होगी और इस पर अपीलार्थी द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे तथा वह इसे वैयक्तिक रूप से या अपने प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से अंग्रेजी या हिन्दी या स्थानीय भाषा में, जैसा कि अपीलार्थी द्वारा चयन किया जाए, प्रस्तुत करेगा ।

(3) अपील ज्ञापन के साथ उस आदेश की मूल प्रति या आदेश की प्रमाणित प्रति होगी जिसके विरुद्ध अपील की गई है ।

(4) अपील तीन सेटों में की जाएगी और उसके साथ 200 रुपए की फीस संलग्न होगी ।

(5) ऐसी किसी अपील को तब तक ग्रहण नहीं किया जाएगा जब तक उसकी एक प्रति की, ऐसी अपील फाइल करने से पूर्व नगर विक्रय समिति को तामील न कर दी गई हो और ऐसी तामील का सबूत अपील के साथ फाइल न कर दिया गया हो ।

11. **स्थानीय प्राधिकरण द्वारा अपीलों के निपटान की प्रक्रिया.—**(1) संबंधित स्थानीय प्राधिकरण द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत अधिकारी या व्यक्ति स्थानीय प्राधिकरण द्वारा इस निमित्त रखे गए रजिस्टर में उस तारीख को, जिसको अपील प्रस्तुत की गई है, अपील की प्रविष्टि करेगा ।

(2) संबंधित स्थानीय प्राधिकरण द्वारा गठित अपील प्राधिकरण के समक्ष अपील को पेश किया जाएगा, जो अपील की सुनवाई के लिए आवेदन फाइल की जाने की तारीख से 15 दिन से पूर्व सुनवाई की तारीख नियत करेगा और पक्षकारों को सुनवाई की सूचना की तामील करेगा ।

(3) अपील प्राधिकरण पक्षकारों द्वारा उसके समक्ष की गई दलीलों के आधार पर और मामले के अभिलेखों और फील्ड जांच, यदि कोई हों, जिसके संचालन का अपील प्राधिकरण द्वारा आदेश किया गया हो, के आधार पर कारणों को लेखबद्ध करते हुए अपील किए गए आदेश की पुष्टि करते हुए, उपांतरित करते हुए या उसे निरस्त करते हुए स्थानीय प्राधिकरण द्वारा अपील की प्राप्ति के 60 दिन के भीतर ऐसा आदेश पारित करेगा जैसा वह ठीक समझे :

परंतु मामले की सुनवाई के दौरान यदि अपील अधिकरण का यह समाधान हो जाता है कि ऐसी स्थिति विद्यमान है जिसमें अंतरिम अनुतोष प्रदान किया जाना चाहिए तो अपील प्राधिकरण ऐसे मामले की समाप्ति तक यह और आदेश करने तक ऐसा अंतरिम आदेश पारित कर सकेगा जैसा वह आवश्यक समझे ।

अध्याय 5
नगर विक्रय समिति

12. **नगर विक्रय समिति का गठन.—**(1) प्रत्येक स्थानीय प्राधिकरण में सरकार द्वारा एक नगर विक्रय समिति का गठन किया जाएगा :

परंतु सरकार यदि आवश्यक समझे तो संबंधित स्थानीय प्राधिकरण के अनुरोध पर प्रत्येक स्थानीय प्राधिकरण के लिए उनकी अधिकारिता विनिर्दिष्ट करने के पश्चात् एक से अधिक नगर विक्रय समिति का गठन कर सकेगी ।

(2) नगर विक्रय समिति का गठन नीचे दिए अनुसार होगा, अर्थात् :--

क्रम सं.	सरकारी विभाग और अन्य निकाय	सदस्यों की संख्या
(क)	सरकारी विभाग	
(i)	अध्यक्ष (नगरपालिका आयुक्त या मुख्य कार्यपालक अधिकारी)	01
(ii)	पुलिस का प्रतिनिधि (अधिमानत: यातायात प्रभाग से)	01
(ख)	अन्य निकाय	
(i)	पथ विक्रेता (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यंकों और नि:शक्तता ग्रस्त व्यक्तियों को सम्यक् प्रतिनिधित्व के साथ उनमें एक तिहाई महिला विक्रेता होंगी)	04

(ii)	गैर-सरकारी संगठन और समुदाय आधारित संगठन	01
(iii)	निवासी कल्याण संगम	02
(iv)	राज्य स्तरीय बैंककारी समिति का प्रतिनिधि	01
	योग	10

(3) चयन किए गए सदस्यों से भिन्न नगर विक्रय समिति के सदस्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किए जाएंगे :

परंतु सरकारी सदस्यों के नामनिर्देशन में उन व्यक्तियों में से अधिमानत: दी जाएगी, जो पथ विक्रेताओं से संबंधित कार्यकलापों से व्यवहार कर रहे हैं :

परंतु यह और कि गैर-सरकारी संगठनों का प्रतिनिधित्व कर रहे सदस्यों या समुदाय आधारित संगठनों या निवासी कल्याण संगमों का नामनिर्देशन सरकार द्वारा ऐसे मानदंड के आधार पर जो अधिकथित किया जाए कम से कम दो स्थानीय समाचार पत्रों में उसे प्रकाशित कर या किसी अन्य रीति में विज्ञापित करने के पश्चात् आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे ।

13. **नगर विक्रय समिति के सदस्यों का निर्वाचन पथ विक्रेताओं में से किया जाना.**—(1) स्थानीय प्राधिकरण अधिसूचना द्वारा संबंधित स्थानीय प्राधिकरण की अधिकारिता के अधीन पथ विक्रेताओं का प्रतिनिधित्व करने के लिए नगर विक्रय समिति के सदस्यों का निर्वाचन संचालित करने के अपने आशय को अभिव्यक्त करेगा ।

(2) संबंधित स्थानीय प्राधिकरण निर्वाचनों का संचालन करने के लिए एक रिटर्निंग आफिसर की नियुक्ति करेगा ।

14. **पथ विक्रेताओं में से नगर विक्रय समिति के सदस्यों का निर्वाचन करने की रीति.**—(1) नियम 13 के उपनियम (2) के अधीन नियुक्ति रिटर्निंग आफिसर इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची में उपबंधित रीति में निर्वाचनों का संचालन करेगा ।

(2) कोई पथ विक्रेता नगर विक्रय समिति में निर्वाचन के लिए निरर्हित होगा यदि वह,--

(i) ऐसे किसी अपराध के लिए दोषसिद्ध किया गया है, जिसमें नैतिक अधमता अंतर्वल्लित है ;

(ii) शारीरिक रूप से और या मानसिक रूप से नगर विक्रय समिति के सदस्य के रूप में कार्य करने में असमर्थ हो गया है ।

(3) प्रत्येक स्थानीय प्राधिकरण द्वारा निर्वाचित सदस्यों के नामों को सरकार को संसूचित किया जाएगा, जो ऐसे नामों की प्राप्ति पर उसके द्वारा नामनिर्दिष्ट अन्य नामों के साथ प्रत्येक प्राधिकरण में नगर विक्रय समिति के गठन को अधिसूचित करेगी ।

15. **नगर विक्रय समिति के सदस्यों की पदावधि.**—(1) सरकारी अधिकारियों के अतिरिक्त, जो पदेन क्षमता सदस्य होंगे, नगर विक्रय समिति के सदस्यों की पदावधि, यथास्थिति, उनके निर्वाचन या नामनिर्देशन की तारीख से पांच वर्ष होगी ।

(2) यथास्थिति, सदस्यों के निर्वाचन या नामनिर्देशन की प्रक्रिया उनकी पदावधि की समाप्ति से पूर्व पूरी कर ली जाएगी ।

16. **नगर विक्रय समिति के सदस्य का पद से हटाया जाना.**—(1) नगर विक्रय समिति के किसी सदस्य को सरकार द्वारा पद से हटाया जा सकेगा, यदि वह,--

(क) अधिनियम और इन नियमों के अधीन उस पर अधिरोपित कर्तव्यों का निर्वहन करने में लगातार व्यतिक्रम करता है या अपनी शक्तियों से परे कार्य करता है या उनका दुरुपयोग करता है ;

(ख) अध्यक्ष की अनुज्ञा के बिना समिति की तीन लगातार बैठकों में अनुपस्थित रहता है ;

(ग) किसी विधि के न्यायालय द्वारा किसी दांडिक मामले में सिद्धदोष है :

परंतु ऐसे सदस्य को उसको हटाए जाने से पूर्व सुने जाने का युक्तियुक्त अवसर प्रदान किया जाएगा ।

17. **रिक्त स्थानों को भरने की रीति.—** (1) यदि नगर विक्रय समिति में किसी पथ विक्रेता से भिन्न किसी सदस्य के त्यागपत्र, मृत्यु, पद से हटाने या अन्यथा कोई रिक्ति उत्पन्न होती है तो ऐसी रिक्ति को भरने के लिए नियम 12 में विनिर्दिष्ट उसी प्रक्रिया का अनुसरण किया जाएगा और इस प्रकार नामनिर्दिष्ट सदस्य उस सदस्य, जिसके स्थान पर उसे नामनिर्दिष्ट किया गया है, की पदावधि की शेष अवधि के लिए सदस्य बना रहेगा ।

(2) यदि नगर विक्रय समिति में किसी सदस्य, जो पथ विक्रेता है, के त्यागपत्र, मृत्यु, पद से हटाने या अन्यथा कोई रिक्ति उत्पन्न होती है तो स्थानीय प्राधिकरण ऐसी रिक्ति को नियम 14 के अनुसार संचालित निर्वाचनों के आधार पर भरेगा और इस प्रकार निर्वाचित सदस्य उस सदस्य, जिसके स्थान पर उसे निर्वाचित किया गया है, की पदावधि की शेष अवधि के लिए सदस्य बना रहेगा ।

18. **नगर विक्रय समिति के सदस्यों को संदेय भत्ते.—**जो कोई लाभ का पद धारण नहीं कर रहे हैं, नगर विक्रय समिति की प्रत्येक बैठक में भाग लेने के लिए केवल एक हजार रुपए की दर से संदेय होंगे या जैसा संबंधित स्थानीय प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर नियत किया जाए ।

19. **नगर विक्रय समिति की बैठकें.—**(1) साधारणतया नगर विक्रय समिति तीन मास की अवधि में या ऐसे अंतरालों पर, जो नगर विक्रय समिति के अध्यक्ष द्वारा विनिश्चय किया जाए, उसके कारबार के संचालन के लिए कम से कम एक बैठक आयोजित करेगी :

परंतु नगर विक्रय समिति की पहली बैठक अध्यक्ष द्वारा उसके गठन के 45 दिन के भीतर बुलाई जाएगी :

परंतु यह और कि समिति के एक तिहाई से अन्यून सदस्यों के अनुरोध पर किसी विनिर्दिष्ट मुद्दे पर अध्यक्ष द्वारा अध्यापेक्षित बैठक बुलाई जा सकेगी और बैठक इस प्रकार किए गए अनुरोध के प्राप्त होने के पश्चात् 72 घंटें के भीतर बुलाई जाएगी ।

(2) नगर विक्रय समिति की बैठकें स्थानीय प्राधिकरण के मुख्यालय में या स्थानीय प्राधिकरण की अधिकारिता के भीतर ऐसे स्थान पर जैसा अध्यक्ष द्वारा विनिश्चय किया जाए, आयोजित की जाएंगी ।

(3) नगर विक्रय समिति की अनुसूचित बैठक के 7 दिन पूर्व बैठक के एंजेडा सहित सूचना जारी की जाएगी ।

(4) बैठक की गणपूर्ति नगर विक्रय समिति की कुल संख्या के दो तिहाई सदस्यों से होगी ।

(5) गणपूर्ति की अनुपस्थिति में कोई बैठक आयोजित नहीं की जाएगी और गणपूर्ति न होने पर बैठक स्थगित कर दी जाएगी ।

20. **नगर विक्रय समिति के कारबार के संव्यवहार की प्रक्रिया.—**(1) नगर विक्रय समिति अपने कारबार के संव्यवहार के लिए ऐसी प्रक्रिया का अनुसरण करेगी जैसा सदस्यों के परामर्श से अध्यक्ष द्वारा विनिश्चय किया जाए ।

(2) अधिनियम और इन नियमों के उपबंधों के अधीन रहते हुए और उप विधियों में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी संकल्प, नगर विक्रय समिति की बैठक में उपस्थित और मत देने वाले दो तिहाई से अन्यून सदस्यों द्वारा पारित किया जाएगा ।

(3) अध्यक्ष यह सुनिश्चित करेगा कि प्रत्येक बैठक का कार्यवृत्त अभिलिखित किया जाए जिस पर उसके द्वारा हस्ताक्षरित किए जाएंगे, उसे सदस्यों के बीच परिचालित किया जाएगा और वेबसाइट पर, यदि उपलब्ध हो तो समिति की बैठक के एक मास के भीतर प्रकाशित किया जाएगा ।

21. **नगर विक्रय समिति के कृत्य.—**अधिनियम के किन्हीं अन्य उपबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना नगर विक्रय समिति निम्नलिखित कृत्यों को करेगी, अर्थात् :--

(क) क्षेत्र में पथ विक्रेताओं की पहचान करने के लिए अपनी अधिकारिता के भीतर सर्वेक्षण संचालित करना और मानकों, योजना और अपनी अधिकारिता के क्षेत्र के भीतर धारण क्षमता के अनुसार उनका वास सुनिश्चित करना ;

(ख) किसी पात्र पथ विक्रेता को उसे उन निबंधनों और शर्तों का अनुपालन करने का वचनबंध अभिप्राप्त करने के पश्चात्, जिनके अधीन विक्रय के लिए प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा, विक्रय प्रमाणपत्र जारी करना, नगर विक्रय

समिति अधिनियम की धारा 38 की उप-धारा (1) के अधीन विरचित स्कीम में विनिर्दिष्ट मानदंड का अनुसरण करेगी ;

(ग) किसी पथ विक्रेता के विक्रय प्रमाणपत्र और रद्द या निरस्त करने जिसने विक्रय की किन्हीं शर्तों का या अधिनियम या इन नियमों या अधिनियम के अधीन बनाई गई स्कीम के अधीन पथ विक्रय को विनियमित करने के लिए विनिर्दिष्ट किन्हीं अन्य निबंधनों और शर्तों का उल्लंघन किया है या जहां नगर विक्रय समिति का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विक्रय प्रमाणपत्र पथ विक्रेता द्वारा दुर्पव्यपदेशन या कपट द्वारा हासिल किया गया है :

परंतु नगर विक्रय समिति द्वारा विक्रय के किसी प्रमाणपत्र को रद्द या निरस्त करने के किसी आदेश में ऐसे रद्द या निरस्त करने के कारणों को विक्रेता को संसूचित लिखित आदेश में विनिर्दिष्ट किया जाएगा ;

(घ) अपनी अधिकारिता में स्थानीय प्राधिकारी को किसी क्षेत्र को गैर विक्रय क्षेत्र घोषित करने के लिए सिफारिश करना ;

(ङ) विक्रय के लिए स्थलों और स्थानों की पहचान करना ;

(च) सार्वजनिक स्थलों पर भीड़-भाड़ रोकने का सुनिश्चय करने के लिए विक्रय के समय का विनियमन करना ;

(छ) पथ विक्रेताओं द्वारा अवहेलना के विरुद्ध सुधारकारी तंत्र के प्रवर्तन का सुनिश्चय करना ;

(ज) विवाद निपटान समिति और स्थानीय प्राधिकारी के समक्ष लंबित विवाद के मामलों का अनुसरण करना ;

(झ) पथ विक्रेताओं के व्यवसाय का संवर्धन करने के लिए योजना तैयार करने के संबंध में स्थानीय प्राधिकरण को सिफारिशें प्रस्तुत करना ;

(ञ) अपनी बैठकें करना और अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन का सुनिश्चय करने के लिए समुचित विनिश्चय करना ;

(ट) स्वयं के साथ अस्थायी आधार पर सरकारी या अन्य गैर-सरकारी संगठनों से तकनीकी और व्यवसायिक व्यक्तियों को अधिनियम के किसी भी उपबंध को पूरा करने के लिए सहायता या परामर्श अभिप्राप्त करने के लिए सहबद्ध करना ;

(ठ) पथ विक्रेता चार्टर को कम से कम एक स्थानीय भाषा, हिन्दी और अंग्रेजी में विख्यात समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाना और उसे नगर विक्रय समिति के कार्यालय और यथा अपेक्षित यूएलवी के अन्य कार्यालयों में प्रदर्शित करना, उसमें उस समय को विनिर्दिष्ट करना, जिसके भीतर विक्रय प्रमाणपत्र पथ विक्रेताओं को जारी किए जाएंगे और वह समय जिसके भीतर ऐसे विक्रय प्रमाणपत्रों का नवीकरण किया जाएगा तथा उनमें विनिर्दिष्ट समय-सीमा के भीतर निष्पादित किए जाने वाली अन्य गतिविधियां ;

(ड) रजिस्ट्रीकृत पथ विक्रेताओं तथा उन पथ विक्रेताओं, जिनको अधिनियम के उपबंधों के अनुसार विक्रय प्रमाणपत्र जारी किए गए हैं, के अद्यतन अभिलेखों को रखना और वेबसाइट पर प्रकाशित करना, यदि उपलब्ध हो तो ;

(ढ) अधिनियम या इन नियमों या उनके अधीन बनाई गई स्कीम के अधीन अपने कार्यकलापों की सामाजिक संपरीक्षा करना ;

(ण) समय-समय पर सरकार और स्थानीय प्राधिकरण को अधिनियम और इन नियमों के अधीन विहित रिटर्न प्रस्तुत करना ;

(त) पथ विक्रेताओं को प्रत्यय, बीमा और सामाजिक सुरक्षा की अन्य कल्याणकारी स्कीमें उपलब्ध कराने के लिए कल्याणकारी उपाय हाथ में लेने के लिए सरकार को टिप्पणियां प्रस्तुत करना ;

(थ) अर्थव्यवस्था में पथ विक्रेताओं की भूमिका के विषय में जनता में जागरुकता उत्पन्न करने के लिए सरकार को सहायता देना ; और

(द) अधिनियम और इन नियमों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए ऐसे अन्य कृत्य करना, जो स्थानीय प्राधिकरण तथा सरकार द्वारा नगर विक्रय समिति को प्रत्यायोजित किए जाएं ।

22. **विशेषज्ञ व्यक्तियों को अस्थायी रूप से सहबद्ध करने की नगर विक्रय समिति की शक्ति**--(1) इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन रहते हुए नगर विक्रय समिति इस क्षेत्र में पर्याप्त जानकारी और अनुभव रखने वाले विख्यात उपयुक्त व्यक्ति को पथ विक्रेताओं से संबंधित मामलों पर तकनीकी या व्यावसायिक परामर्श अभिप्राप्त करने के लिए एक विशेषज्ञ के रूप में सहबद्ध कर सकेगी ।

(2) उपनियम (1) के अधीन सहबद्ध किए जाने वाले व्यक्तियों का चयन एक न्यायोचित और पारदर्शी रीति में सरकारी विभागों में परामर्शदाताओं और विशेषज्ञों के तकनीकी या व्यावसायिक विशेषज्ञों के रूप में नियोजित करने की प्रक्रिया का अनुसरण करते हुए किया जाएगा ।

(3) उपनियम (1) के अधीन विशेषज्ञ के रूप में सहबद्ध व्यक्तियों को स्थानीय प्राधिकरण द्वारा यथा अवधारित भत्तों का संदाय किया जाएगा ।

(4) उपनियम (1) के अधीन विशेषज्ञ के रूप में सहबद्ध व्यक्ति नगर विक्रय समिति के बैठकों में भाग ले सकेंगे किंतु ऐसे व्यक्तियों को बैठक में मत देने का अधिकार नहीं होगा ।

23. **नगर विक्रय समिति के कर्मचारी**--संबंधित स्थानीय प्राधिकरण जब नगर विक्रय समिति द्वारा अपेक्षा की जाए तो समिति को ऐसे कर्मचारी उपलब्ध कराएगा जैसा स्थानीय प्राधिकरण समिति पर इन नियमों के नियम 21 के अधीन प्रदत्त कृत्यों के निर्वहन के लिए आवश्यक समझे ।

अध्याय 6

प्रकीर्ण

24. **नगर विक्रय समिति द्वारा पथ विक्रेताओं के अभिलेखों का अनुरक्षण करने की रीति**--प्रत्येक नगर विक्रय समिति अधिनियम की धारा 26 की उप-धारा (2) के अधीन स्कीम में यथा विनिर्दिष्ट अद्यतन अभिलेखों को इलैक्ट्रानिकी रूप में या मैन्युली या दोनों रूपों में जैसा कि स्थानीय प्राधिकरण द्वारा विनिश्चय किया जाए, रखेगी ।

25. **नगर विक्रय समिति द्वारा रिटर्न प्रस्तुत करना**--(1) प्रत्येक नगर विक्रय समिति प्ररूप घ में यथा अपेक्षित ब्यौरों के साथ प्रत्येक वर्ष के लिए आवधिक विवरणियां तैयार करेगी और सरकार तथा स्थानीय प्राधिकरण को प्रस्तुत करेगी ।

(2) यथास्थिति, सरकार या स्थानीय प्राधिकरण नगर विक्रय समिति से ऐसे रिटर्न या विवरणियां ऐसे प्रोफार्मा में समय-समय पर प्रस्तुत करने की अपेक्षा कर सकेंगी ।

26. **अधिसूचित स्कीम के सारांश का समाचार पत्र आदि में प्रकाशित करना**--(1) अधिनियम की धारा 38 की उपधारा (1) के अधीन दूसरी अनुसूची में सरकार द्वारा अधिसूचित स्कीम का सारांश स्थानीय प्राधिकरण द्वारा दो प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में दी गई लोक सूचना के माध्यम से प्रकाशित किया जाएगा और उसकी अधिकारिता के क्षेत्र या उस क्षेत्र में व्यापक रूप से जाने जाने के लिए, जिसके उससे प्रभावित होने की संभावना है, में सरकार द्वारा अधिसूचित स्कीम की तारीख से 7 दिन के भीतर प्रकाशित किया जाएगा ।

(2) सूचना पर, यथास्थिति, स्थानीय प्राधिकरण के नगरपालिका आयुक्त या मुख्य कार्यपालक अधिकारी या इस निमित्त उसके द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे ।

(3) सूचना ऐसी भाषा या भाषाओं में होगी जैसा, यथास्थिति, स्थानीय प्राधिकरण का नगरपालिका आयुक्त या मुख्य कार्यपालक अधिकारी इस निमित्त विनिर्दिष्ट करे ।

अनुसूची

(नियम 14 देखें)

पथ विक्रेताओं का प्रतिनिधित्व करने के लिए उस क्षेत्र की अधिकारिता के नगर विक्रय समिति के सदस्यों के निर्वाचन का संचालन करने की प्रक्रिया

1. संबंधित स्थानीय प्राधिकरण अपनी अधिकारिता में पथ विक्रेताओं का प्रतिनिधित्व करने के लिए नगर विक्रय समिति के सदस्यों के निर्वाचनों का संचालन का पर्यवेक्षण, निदेश और नियंत्रण करेगी ।

2. नियम 13 के उपनियम (1) के अधीन पथ विक्रेताओं का प्रतिनिधित्व करने के लिए नगर विक्रय समिति के सदस्यों के निर्वाचन का संचालन करने के लिए स्थानीय प्राधिकरण के आशय को अभिव्यक्त करने वाली अधिसूचना के यथाशीघ्र और उस नियम के उपनियम (2) के अधीन निर्वाचनों का संचालन करने के लिए रिटर्निंग आफिसर की नियुक्ति करने पर स्थानीय प्राधिकरण संकल्प द्वारा निर्वाचनों के संचालन के लिए तारीख, समय और स्थान अवधारित करेगी ।

3. संकल्प की सूचना, स्थानीय प्राधिकरण का विनिश्चय नगर विक्रय समिति की अधिकारिता के क्षेत्र में पथ विक्रेता के व्यवसाय में लगे हुए पथ विक्रेताओं के बीच निम्नलिखित में से किसी एक ढंग द्वारा परिचालित की जाएगी, अर्थात् :--

(क) हिन्दी, अंग्रेजी या स्थानीय भाषा में, जैसा कि स्थानीय प्राधिकरण ठीक समझे, दो प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित लोक सूचना द्वारा ;

(ख) स्थानीय परिदान द्वारा ;

(ग) डाक में डालने के डाक प्रमाणपत्र के अधीन ;

(घ) स्पीड पोस्ट या सक्षम प्राधिकारी के पास सम्यकता रजिस्ट्रीकृत कुरियर सेवाओं के साथ रिटर्निंग आफिसर के सूचना पट पर और ऐसी सूचना में निम्नलिखित के संबंध में जानकारी अंतर्विष्ट होगी ;

(i) निर्वाचित किए जाने वाले सदस्यों की संख्या, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जातियां, अनुसूचित जनजातियां, अन्य पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं, नि:शक्त व्यक्तियों या किसी अन्य विनिर्दिष्ट प्रवर्ग के लिए आरक्षित स्थान भी हैं ;

(ii) वह तारीख, स्थान और समय, जिसके बीच नामनिर्देशन पेपर फाइल किए जाएंगे, ऐसी तारीख निर्वाचन के लिए नियत तारीख से 7 स्पष्ट दिन से पूर्व नहीं होनी चाहिए या वह दिन सार्वजनिक अवकाश है तो अगला उत्तरवर्ती दिन, जो सार्वजनिक अवकाश नहीं है ;

स्पष्टीकरण--"सार्वजनिक अवकाश" से कोई दिन अभिप्रेत है, जो पराक्रमय लिखत अधिनियम, 1881 (1881 का केंद्रीय अधिनियम 26) की धारा 25 के अधीन सार्वजनिक अवकाश है या कोई दिन जिसे सरकार द्वारा सरकार के अधीन कार्यालयों के लिए सार्वजनिक अवकाश अधिसूचित किया गया है ;

(iii) नामनिर्देशन पेपरों की संवीक्षा के लिए तारीख और समय ;

(iv) मतदान की तारीख, स्थान और समय ।

4. स्थानीय प्राधिकरण नगर विक्रय समिति की अधिकारिता के क्षेत्र में नामनिर्देशन आमंत्रित करने की तारीख से 30 दिन पूर्व को पथ विक्रय के व्यवसाय में लगे हुए पथ विक्रेताओं की सूची तैयार करेगी और उक्त सूची की प्रतियों को नगर विक्रय समिति के कार्यालय में नामनिर्देशन आमंत्रित करने के लिए नियत तारीख से 10 दिन पूर्व से अन्यून सूचना पट्ट पर चस्पा करेगी । सूची में रजिस्ट्रीकरण संख्या या विक्रय के प्रमाणपत्र की संख्या और पथ विक्रेता का नाम, यथास्थिति, पिता या पति का नाम और पथ विक्रेता का पता विनिर्दिष्ट होगा । यह, यथास्थिति, नगर विक्रय समिति या स्थानीय प्राधिकरण का कर्तव्य होगा कि वह पथ विक्रेताओं का अद्यतन रजिस्टर और ऐसा अन्य रजिस्टर तैयार करें, जिसकी रिटर्निंग आफिसर द्वारा अपेक्षा की जाए और ऐसे अभिलेखों, रजिस्टर या रजिस्टरों को रिटर्निंग आफिसर को निर्वाचन के प्रयोजन के लिए नियत तारीख से 30 दिन पूर्व सुपुर्द करें । सूची की एक प्रति की यथास्थिति, नगर विक्रय समिति या स्थानीय प्राधिकरण या रिटर्निंग आफिसर द्वारा ऐसी फीस का संदाय करने पर, जो स्थानीय प्राधिकरण द्वारा विनिर्दिष्ट की जाएं, पथ विक्रेता को आपूर्ति की जाएगी ।

5. अभ्यर्थियों का निर्वाचन के लिए नामनिर्देशन इस अनुसूची से उपाबद्ध प्ररूप 1 में किया जाएगा, जिसकी आपूर्ति रिटर्निंग आफिसर द्वारा किसी पथ विक्रेता को नि:शुल्क की जाएगी ।

6. अभ्यर्थी दो हजार रुपए का प्रतिभूति जमा अपने नामनिर्देशन पेपरों के साथ नकद या बैंक ड्राफ्ट या पे-आर्डर के माध्यम से करेगा । यदि कोई अभ्यर्थी डाले गए मतों का 1/6 से कम प्राप्त करता है तो स्थानीय प्राधिकरण द्वारा प्रतिभूति जमा का प्रतिसंहृण कर लिया जाएगा ।

7. प्रत्येक नामनिर्देशन पेपर को अभ्यर्थी द्वारा स्वयं वैयक्तिक रूप से या उसके प्रस्तावक या द्वितीयक द्वारा रिटर्निंग आफिसर को प्रस्तुत किया जाएगा । रिटर्निंग आफिसर नामनिर्देशन पेपर पर उसकी क्रम सं. दर्ज करेगा और उस तारीख तथा समय को प्रमाणित करेगा जिस पर उसके द्वारा नामनिर्देशन प्राप्त किया गया है और तुरंत नामनिर्देशन पेपर की एक लिखित

अभिस्वीकृत प्रदान करेगा जिस पर नगर विक्रय समिति या रिटर्निंग आफिसर की मुहर लगी होगी । कोई नामनिर्देशन पेपर, जो उसके लिए नियत तारीख और समय को या उससे पूर्व नहीं प्राप्त होता है, को अस्वीकार कर दिया जाएगा ।

8. (i) नामनिर्देशन पेपरों की प्राप्ति के लिए नियत तारीख के पश्चात् दिन को रिटर्निंग आफिसर नामनिर्देशन पेपरों की संवीक्षा करेगा ;

(ii) रिटर्निंग आफिसर नामनिर्देशन पेपरों की जांच करेगा और आक्षेपों का विनिश्चय करेगा, जो किसी नामनिर्देशन की बाबत किसी व्यक्ति द्वारा किए जाएं और या तो ऐसे आक्षेपों पर या स्वयं ऐसी संक्षिप्त जांच, यदि कोई हो, जैसा रिटर्निंग आफिसर आवश्यक समझे, किसी नामनिर्देशन अस्वीकार कर सकेगा :

परंतु किसी अभ्यर्थी का नामनिर्देशन केवल उसके नाम या उसके प्रस्तावक या द्वितीयक या अभ्यर्थी या उसके प्रस्तावक या द्वितीयक, जैसा कि पैरा 4 में निर्दिष्ट पथ विक्रेताओं की सूची में दर्ज है, के नाम के गलत विवरण के आधार पर ही अस्वीकार नहीं किया जाएगा, यदि, यथास्थिति, अभ्यर्थी, प्रस्तावक या द्वितीयक की पहचान किसी युक्तियुक्त संदेह के परे स्थापित हो जाती है ।

(iii) रिटर्निंग आफिसर, यथास्थिति, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों या प्रस्तावक या द्वितीयक को नामनिर्देशन पेपरों की जांच करने की और स्वयं का यह समाधान करने के लिए सभी युक्तियुक्त सुविधाएं प्रदान करेगा कि निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के नाम को शामिल करना विधि पूर्ण है ;

(iv) रिटर्निंग आफिसर प्रत्येक नामनिर्देशन पेपर पर, यथास्थिति, उसे स्वीकार करने या अस्वीकार करने के अपने विनिश्चय को पृष्ठांकित करेगा और यदि नामनिर्देशन पेपर अस्वीकार कर दिया जाता है तो वह ऐसे अस्वीकार करने के कारणों का एक संक्षिप्त विवरण लिखित में अभिलिखित करेगा ;

(v) रिटर्निंग आफिसर कार्यवाहियों के स्थगन के सिवाय जब ऐसी कार्यवाहियों को दंगों या कलह या उसके नियंत्रण से परे कारणों के अस्थगित या बाधित किया गया हो, अनुज्ञात नहीं करेगा ;

9. रिटर्निंग आफिसर द्वारा यथाविनिश्चित वैद्य नामनिर्देशनों की सूची को अंग्रेजी वर्णक्रमानुसार और नामनिर्देशन पेपरों में अभ्यर्थियों द्वारा दिए गए पते को प्रदर्शित किया जाएगा या उसी दिन जिस दिन नामनिर्देशन पेपरों की संवीक्षा पूरी होती है, प्रकाशित किया जाएगा ।

10. कोई भी अभ्यर्थी उसके द्वारा पूर्व नगर विक्रय समिति के रिटर्निंग आफिसर को हस्ताक्षरित सूचना द्वारा और उसके नामनिर्देशन पेपर को प्रस्तुत करने के पश्चात् किसी भी समय उस दिन के पश्चात् जिसको वैध नामनिर्देशनों को प्रकाशित किया जाता है, पांच बजे अपराह्न से पूर्व अपने नाम को वापस ले सकेगा और अभ्यर्थी द्वारा नाम वापिस लेने की एक बार दी गई सूचना अप्रतिसंहरणीय होगी ।

11. यदि उन अभ्यर्थियों की संख्या जिनके नामनिर्देशन पेपरों को वैध घोषित किया गया है, निर्वाचित किए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या से अधिक नहीं है तो रिटर्निंग आफिसर ऐसे सभी अभ्यर्थियों के नामों की ऊपर पैरा 10 में नाम वापिस लेने के दिन अंतिम घंटें के पश्चात् घोषणा करेगा और घोषित करेगा कि वे नगर विक्रय समिति में सम्यकता निर्वाचित हो गए हैं । यदि अभ्यर्थियों की संख्या, जिनके नाम वैध हैं, निर्वाचित किए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या से अधिक हैं तो रिटर्निंग आफिसर इस प्रयोजन के लिए नियत तारीख को निर्वाचन संचालित करने का प्रबंध करेगा । रिटर्निंग आफिसर निर्वाचनों के संचालन के लिए यथा आवश्यक एक या अधिक मतदान अधिकारियों की नियुक्ति कर सकेगा । इस्तेमाल किए जाने वाले मतपत्र इस अनुसूची से उपाबद्ध प्ररूप 2 में यथाविहित होंगे ।

12. स्थानीय प्राधिकरण रिटर्निंग आफिसर को मतदान पेटी, मतपत्र, पथ विक्रेताओं की सूची या मतदाताओं की सूची और ऐसी अन्य वस्तुओं, जो निर्वाचनों का संचालन करने के लिए आवश्यक हों, उपलब्ध कराएगा । मत पेटियों का संनिर्माण इस प्रकार किया जाएगा कि मतपत्र उसमें डाले जा सकें किंतु मत पेटियों का ताला खोले बिना उसमें से निकाले नहीं जा सके । निर्वाचन लड़ने वाला कोई अभ्यर्थी रिटर्निंग आफिसर को पत्र द्वारा दोनों स्थानों पर उसका प्रतिनिधित्व करने के लिए, जहां मतदान किया जा रहा है, मतदाताओं की पहचान करने और मतदान के अभिलेखन को देखने के लिए किसी अभिकर्ता की नियुक्ति कर सकेगा । ऐसे पत्र में संबंधित अभिकर्ता की लिखित सहमति इस अनुसूची से उपाबद्ध प्ररूप 3 में अंतर्विष्ट होगी ।

13. किसी व्यक्ति द्वारा उस स्थान पर, जहां निर्वाचनों का संचालन किया जा रहा है, मतों के लिए संयाचना करना प्रतिषिद्ध है ।

14. मतदान प्रारंभ से तुरंत पूर्व रिटर्निंग आफिसर रिक्त मतपेटियों को ऐसे व्यक्तियों को, जो उस समय उपस्थित हों, दिखाएगा और तब उन पर ताला लगा देगा तथा अपनी मुहर चस्पा करेगा । अभ्यर्थी या उसका अभिकर्ता भी स्वयं की अपनी मुहर चस्पा कर सकेगा यदि वह ऐसी वांछा करे ।

15. प्रत्येक पथ विक्रेता या मतदाता, जो अपने मत देने के अधिकार को उपयोग करना चाहता है, को अंग्रेजी वर्णानुक्रम में लिखे गए मत लड़ने वाले अभ्यर्थियों के नामों को अंतर्विष्ट करने वाले मतपत्र की या तो मुद्रित, टाइप लिखित या साइक्लोस्टाइल रूप में सुविधानुसार आपूर्ति की जाएगी । मत पत्र पर नगर विक्रय समिति की भी मुहर होगी और उस पर रिटर्निंग आफिसर के अद्याक्षर होंगे और उसमें एक और स्तंभ होगा जिसमें मतदाता उन व्यक्तियों के नामों के आगे [x] का चिह्न लगाएगा जिन्हें वह मत देना चाहता है ।

16. प्रत्येक मतदान केंद्र और जहां किसी केंद्र पर एक से अधिक मतदान बूथ हैं, ऐसे प्रत्येक बूथ पर एक पृथक् कक्ष होगा जिसमें पथ विक्रेता या मतदाता अपने मत गुप्त रूप से अभिलिखित कर सकेगा ।

17. किसी पथ विक्रेता या मतदाता को तब तक कोई मतपत्र जारी नहीं किया जाएगा जब तक कि निर्वाचन अधिकारी का यह समाधान नहीं हो जाता है कि संबंधित पथ विक्रेता या मतदाता वही व्यक्ति है, जो उसे प्रस्तुत की गई सूची में नोट किया गया है । ऐसे मतपत्र की प्राप्ति पर पथ विक्रेता या मतदाता इस प्रयोजन के लिए अलग रखे गए मतदान कक्ष की ओर बढ़ेगा तथा, यथास्थिति, उस व्यक्ति या व्यक्तियों के नाम के आगे [x] उपदर्शित करेगा, जिनके पक्ष में वह मत देना चाहता है और मत पत्र को इस प्रयोजन के लिए रखी गई मतपेटी में अत्यंत गोपनीयता के साथ डाल देगा यदि अंधता या अन्य शारीरिक दुर्बलता या अशिक्षा के कारण पथ विक्रेता या मतदाता या मतपत्र पर चिह्न लगाने में असमर्थ है तो निर्वाचन अधिकारी और जहां ऐसा कोई निर्वाचन अधिकारी नियुक्त नहीं किया गया है, रिटर्निंग आफिसर उससे उस अभ्यर्थी या अभ्यर्थियों का पता लगाएगा, जिनके पक्ष में वह मत देने की वांछा रखता है, उसकी ओर से मतपत्र पर [x] का चिह्न लगाएगा और मतपत्र पर मत पेटी में डाल देगा ।

18. यदि मत देने के किसी प्रक्रम पर कार्यवाहियों में व्यवधान पड़ता है या किसी दंगे या हंगामें के कारण बाधा उत्पन्न होती है या ऐसे निर्वाचनों में किसी पर्याप्त कारण से मतदान कराना संभव नहीं है तो रिटर्निंग आफिसर को मतदान रोकने की शक्ति होगी, ऐसी कार्रवाई के लिए कारणों को नगर विक्रय समिति की कार्यवृत्त पुस्तिका में अभिलिखित करेगा ।

19. किसी पथ विक्रेता या मतदाता को मतदान के लिए नियत समय के पश्चात् अनुज्ञात नहीं किया जाएगा किन्तु कोई मतदाता, जो उस परिसर में मतदान के लिए नियत समय के पूरा हो जाने से पूर्व प्रविष्ट हो जाता है, जहां मतपत्र जारी किए जा रहे हैं उसे मतपत्र जारी किया जाएगा और मत डालने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा ।

20. मत पत्रों की मतदान समाप्त होने के तुरंत पूर्व गिनती की जाएगी । यदि ऐसा करना संभव नहीं है तो मत पेटियों को रिटर्निंग आफिसर या निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों या उनके अभिकर्ताओं की मुहर से सील कर दिया जाएगा, यदि वे ऐसी वांछा करें तो, और उन्हें सुरक्षित अभिरक्षा के लिए स्थानीय प्राधिकरण के पास जमा कर दिया जाएगा, रिटर्निंग आफिसर तब मतगणना के लिए अगले दिन की घोषणा करेगा । मतपत्रों की रिटर्निंग आफिसर द्वारा या उसके अधीक्षण के अधीन गणना की जाएगी । प्रत्येक अभ्यर्थी और उसके प्राधिकृत अभिकर्ता को मतगणना के दौरान उपस्थित रहने का अधिकार होगा । किन्तु मतगणना के समय किसी अभ्यर्थी या उसके अभिकर्ता की अनुपस्थिति से मतगणना और परिणामों की रिटर्निंग आफिसर द्वारा उद्घोषणा पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं होगा । प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त किए गए मत और निर्वाचनों के परिणाम की उद्घोषणा रिटर्निंग आफिसर द्वारा मतगणना के पूरा होने के यथाशीघ्र की जाएगी ।

21. निर्वाचनों के परिणाम को नगर विक्रय समिति की कार्यवृत्त पुस्तिका में भी अभिलिखित किया जाएगा तथा रिटर्निंग आफिसर द्वारा सत्यापित किया जाएगा और उन्हें नगर विक्रय समिति के सूचना पट पर भी तुरंत अधिसूचित किया जाएगा ।

22. समान संख्या में मत प्राप्त होने की दशा में रिटर्निंग आफिसर सिक्का उछालकर निर्वाचनों के परिणाम की उद्घोषणा करेगा ।

23. मतपत्र को रिटर्निंग आफिसर द्वारा अस्वीकार कर दिया जाएगा यदि-

(i) इसके ऊपर ऐसा कोई चिन्ह लगा जिससे पथ विक्रेता के मत की पहचान हो सकती है;

(ii) इस पर नगर विक्रय समिति की मुहर नहीं है या रिटर्निंग आफिसर के अद्याक्षर नहीं है;

(iii) उस पर मत को उपदर्शित करने वाला चिन्ह ऐसे स्थान पर ऐसी रीति में लगाया गया है जिससे यह संदेहास्पद हो गया है कि किस अभ्यर्थी को मत दिया गया है;

(iv) इस प्रकार नष्ट या विरूपित है कि एक असली मत पत्र के रूप में उसकी पहचान स्थापित नहीं की जा सकती है ।

24. निर्वाचन का परिणाम घोषित करने के पश्चात् निर्वाचन का परिणाम और उस पर एक रिपोर्ट को स्थानीय प्राधिकरण के साथ-साथ सरकार को रिटर्निंग आफिसर द्वारा परिणाम घोषित करने के पश्चात् तीन दिन के भीतर संसूचित किया जाएगा ।

25. निर्वाचन का परिणाम घोषित करने के पश्चात्, रिटर्निंग आफिसर नगर विक्रय समिति के सदस्यों के निर्वाचन से संबंधित मत पत्र और अभिलेखों को स्थानीय प्राधिकरण को एक मुहरबंद लिफाफे में देगा और उसे स्थानीय प्राधिकरण द्वारा अगले निर्वाचन के परिणामों के उपलब्ध होने तक परिरक्षित रखा जाएगा और तत्पश्चात् स्थानीय प्राधिकरण द्वारा पुन: नष्ट कर दिया जाएगा और निर्वाचनों के अभिलेख को सुपुर्द करने और लेने को सरकार के साथ- साथ स्थानीय प्राधिकरण को रिटर्निंग आफिसर को अपनी रिपोर्ट के साथ भेजा जाएगा ।

अनुसूची

प्ररूप 1

(अनुसूची का पैरा 5)

नगर विक्रय समिति के सदस्यों के निर्वाचन के लिए नामनिर्देशन प्ररूप

सेवा में,

रिटर्निंग आफिसर

.....

नगर विक्रय समिति

.....

महोदय,

मैं .....पत्नी/पुत्र/पुत्री.....श्री/श्रीमती/सुश्री.....पथ विक्रेता, नगर विक्रय समिति की अधिकारिता के क्षेत्र में विक्रय कर रहा हूँ (विक्रय रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र संख्या.....) एतद् द्वारा श्री/श्रीमती/सुश्री ..... पत्नी/पुत्र/पुत्री..... और जो उक्त नगर विक्रय समिति के पथ विक्रेता हैं (विक्रय/रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र संख्या.....) के नाम की उक्त समिति के सदस्य के पद के के लिए तारीख.....को होने वाले निर्वाचन के लिए प्रस्ताव करता हूँ ।

प्रस्तावक का नाम और हस्ताक्षर.....

विक्रय रजिस्ट्रीकरण/प्रमाण पत्र संख्या.....

मैं, ...पत्नी/पुत्र/पुत्री.....श्री/श्रीमती/सुश्री..... नगर विक्रय समिति का विक्रय रजिस्ट्रीकरण/प्रमाणपत्र संख्या.....उक्त प्रस्ताव का समर्थन करता हूँ।

समर्थनकर्ता का नाम और हस्ताक्षर.....

विक्रय रजिस्ट्रीकरण/प्रमाण पत्र संख्या.....

IndiaCode

अभ्यर्थी द्वारा घोषणा

मैं, ...पत्नी/पुत्र/पुत्री.....श्री/श्रीमती/सुश्री..... नगर विक्रय समिति का विक्रय रजिस्ट्रीकरण/प्रमाणपत्र संख्या..... नगर विक्रय समिति के निर्वाचन में, अपने नामनिर्देशन के लिए सहमति प्रदान करता हूँ।

मैं यह और घोषणा करता हूँ कि –

(i) मैं नगर विक्रय समिति का कर्मचारी नहीं हूँ ;

(ii) मैं मत देने के लिए पात्र हूँ ;

(iii) मैंने, पथ विक्रेता (जीविका संरक्षण और पथ विक्रय विनियमन) अधिनियम, 2014 (2014 का 7) के अधीन बनाए गए दादरा और नागर हवेली संघ राज्यक्षेत्र , पथ विक्रेता (जीविका संरक्षण और पथ विक्रय विनियमन) नियम, 2015 के उपबंधों के अधीन उक्त नगर विक्रय समिति के सदस्य के रूप में निर्वाचन के लिए कोई निरर्हता उपगत नहीं की है ।

IndiaCode

अभ्यर्थी का नाम और हस्ताक्षर.....

विक्रय रजिस्ट्रीकरण/प्रमाण पत्र संख्या.....

(केवल कार्यालय उपयोग के लिए)

.....पूर्वाह्न/अपराह्न..... को नाम निर्देशन प्ररूप प्राप्त किया ।

रिटर्निंग आफिसर के हस्ताक्षर.....

मुहर

अभिस्वीकृति

.....श्री/श्रीमती/सुश्री द्वारा प्रस्तुत..... अभ्यर्थी/प्रस्तावक/समर्थक का नाम निर्देशन प्ररूप .....को पूर्वाह्न/अपराह्न को होने वाले निर्वाचन के लिए प्राप्त किया |

रिटर्निंग आफिसर के हस्ताक्षर.....

मुहर

अनुसूची

प्ररूप 2

(अनुसूची का पैरा 11)

नगर विक्रय समिति के सदस्य के निर्वाचन के लिए मत पत्र

नगर विक्रय समिति के सदस्यों के निर्वाचन के लिए मत पत्र जिसका दादरा और नागर हवेली संघ राज्यक्षेत्र, पथ विक्रेता (जीविका संरक्षण और पथ विक्रय विनियमन) नियम, 2015 के नियम 14 से उपाबद्ध अनुसूची 1 के अधीन संचालित किया जाना है ।

सेवा में

.....नगर विक्रय समिति

.....

.....(पता)

(प्रतिपर्ण)

.....पद के लिए मत पत्र

निर्वाचन की तारीख.....

क्रम संख्या.....

विक्रय प्रमाण पत्र संख्या.....

किसी एक अभ्यर्थी के सामने (X) का चिह्न लगाएं

क्रम संख्या	अभ्यर्थी का नाम	विक्रय प्रमाण पत्र संख्या	मत देने का चिह्न

IndiaCode

अनुसूची

प्ररूप 3

(अनुसूची का पैरा 12)

निर्वाचन अभिकर्ता/गणना अभिकर्ता का नाम निर्देशन

मैं .....पुत्र/पत्नी/पुत्री/श्रीमती/सुश्री.....पथ विक्रेता ..... नगर विक्रय समिति (विक्रय संख्या का प्रमाण पत्र.....) की अधिकारिता के क्षेत्र में विक्रय कर रहा हूँ उक्त समिति के सदस्य के लिए निर्वाचन लड़ रहा हूँ, निम्नलिखित व्यक्ति को .....को आयोजित होने वाले (तारीख विनिर्दिष्ट करें) नगर विक्रय समिति के सदस्यों के निर्वाचन में अपना निर्वाचन अभिकर्ता/गणना अभिकर्ता नामनिर्दिष्ट करता हूँ :-

अभ्यर्थी का नाम और हस्ताक्षर.....

विक्रय संख्या का प्रमाण पत्र

मैं ..... पुत्र/पत्नी/पुत्री/श्रीमती/सुश्री.....पता.....निर्वाचन अभिकर्ता/गणना अभिकर्ता बनने के लिए सहमत हूँ ।

अभिकर्ता का नाम और हस्ताक्षर

प्ररूप "क"

[नियम 7 देखें]

शिकायत निपटान और विवाद समाधान समिति को पथ विक्रेताओं की शिकायतों के निपटान या विवादों के समाधान के लिए आवेदन

1.	आवेदक का नाम और पता	:	
2.	रजिस्ट्रीकरण संख्या/मामला संख्या/आईडी संख्या	:	
3.	विक्रय का स्थान (अवस्थान, जोनवार आदि के पूरे ब्यौरे दें)	:	
4.	विक्रय की प्रकृति (समुचित पर सही का निशान लगाएं) (क) लेखन सामग्री (ख) मोबाइल (ग) कोई अन्य श्रेणी (यदि अन्य है तो श्रेणी को विनिर्दिष्ट करें)	:	(क) ☐ (ख) ☐ (ग) ☐
5.	विक्रय प्रमाण पत्र को जारी करने की तारीख (विक्रय प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें, यदि जारी किया गया हो तो)	:	

IndiaCode

6.	शिकायत निपटान या विवाद के समाधान के आधार (पूरा ब्यौरा दें और और पृष्ठ संलग्न करें यदि अपेक्षित हो तो)	:	

आवेदक के हस्ताक्षर.....

घोषणा

मैं.....आवेदक सत्यनिष्ठा से घोषणा करता हूँ कि ऊपर किया गया कथन मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है ।

स्थान
तारीख

आवेदक के हस्ताक्षर.....

टिप्पण: कृपया आवेदन के साथ सभी सुसंगत दस्तावेज संलग्न करें ।

प्ररूप "ख"

[नियम 9 देखें]

शिकायत निपटान और विवाद समाधान समिति के विनिश्चय के विरुद्ध स्थानीय प्राधिकरण को अपील

1.	आवेदक का नाम और पता	:	
2.	रजिस्ट्रीकरण संख्या/मामला संख्या/आईडी संख्या	:	
3.	विक्रय का स्थान (अवस्थान, जोनवार आदि के पूरे ब्यौरे दें)	:	
4.	विक्रय की प्रकृति (समुचित पर सही का निशान लगाएं) (क) लेखन सामग्री (ख) मोबाइल (ग) कोई अन्य श्रेणी (यदि अन्य है तो श्रेणी को विनिर्दिष्ट करें) (घ)	:	(क) ☐ (ख) ☐ (ग) ☐
5.	समिति का विनिश्चय विवाद समाधान समिति के विनिश्चय की निम्नलिखित को प्रदान करते हुए प्रति संलग्न करें-	:	

IndiaCode

	(क) विनिश्चयों की संख्या ; और (ख) विनिश्चयों की तारीख		
6.	अपील के आधार (पूरा ब्यौरा दें और और पृष्ठ संलग्न करें यदि अपेक्षित हो तो)	:	

आवेदक के हस्ताक्षर.....

घोषणा

मैं.....आवेदक सत्यनिष्ठा से घोषणा करता हूँ कि ऊपर किया गया कथन मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है ।

स्थान
तारीख

आवेदक के हस्ताक्षर.....

टिप्पण: कृपया आवेदन के साथ सभी सुसंगत दस्तावेज संलग्न करें ।

IndiaCode

प्ररूप "ग"

[नियम 10 देखें]

नगर विक्रय समिति के विनिश्चय के विरुद्ध स्थानीय प्राधिकरण को अपील

1.	आवेदक का नाम और पता	:	
2.	रजिस्ट्रीकरण संख्या/मामला संख्या/आईडी संख्या	:	
3.	विक्रय का स्थान (अवस्थान, जोन वार आदि के पूरे ब्यौरे दें)	:	
4.	विक्रय की प्रकृति (समुचित पर सही का निशान लगाएं) (क) लेखन सामग्री (ख) मोबाइल (ग) कोई अन्य श्रेणी (यदि अन्य है तो श्रेणी को विनिर्दिष्ट करें) (घ)	:	(क) ☐ (ख) ☐ (ग) ☐
5.	विक्रय प्रमाण पत्र को जारी करने की तारीख (विक्रय प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें, यदि जारी किया गया हो तो)	:	

6.	उस आदेश की प्रकृति जिसके विरुद्ध अपील की गई है समुचित पर सही का निशान लगाएं) (क) विक्रय प्रमाण पत्र का जारी करना ; (ख) विक्रय प्रमाण पत्र को रद्द करना ; या (ग) विक्रय प्रमाण पत्र को निलंबित करना ।	:	(क) ☐ (ख) ☐ (ग) ☐
7.	अपील के आधार (पूरा ब्यौरा दें और और पृष्ठ संलग्न करें यदि अपेक्षित हो तो)		

आवेदक के हस्ताक्षर.....

घोषणा

मैं.....आवेदक सत्यनिष्ठा से घोषणा करता हूँ कि ऊपर किया गया कथन मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है ।

स्थान
तारीख

आवेदक के हस्ताक्षर.....

टिप्पण: कृपया आवेदन के साथ सभी सुसंगत दस्तावेज संलग्न करें ।

प्ररूप "घ"

[नियम 25 देखें]

नगर विक्रय समिति द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली रिटर्न

(I)	सर्वेक्षण- (क) वर्ष के दौरान सर्वेक्षण किए गए पथ विक्रेताओं की संख्या ; (ख) क्षेत्र और वार्ड का नाम जहां सर्वेक्षण कार्य पूरा किया गया है सहित सर्वेक्षण पूरा करने की तारीख; (ग) क्षेत्र और वार्ड का नाम जहां सर्वेक्षण कार्य चल रहा है सहित सर्वेक्षण आरंभ करने की तारीख और उसके संभवत: पूरा होने की तारीख ; (घ) वार्ड वार रजिस्ट्रीकृत पथ विक्रेताओं की वर्ष के अंतिम दिन की संख्या ;	:	

IndiaCode

(II)	विक्रय प्रमाण पत्र को जारी करने के लिए आवेदनों की प्राप्ति और निपटान- (क) वर्ष के दौरान विक्रय का प्रमाण पत्र जारी करने के लिए प्राप्त आवेदनों की संख्या (वार्ड वार) ; (ख) वर्ष के दौरान निपटान की गई आवेदनों की संख्या (वार्ड वार) जिसमें से- (i) स्वीकार किए गए आवेदनों की संख्या ; (ii) नामंजूर किए गए आवेदनों की संख्या ; (iii) वर्ष के अंतिम दिन की स्थिति के अनुसार लंबित आवेदनों की संख्या	:	
(III)	**विक्रय प्रमाण पत्र के निलंबन के मामले-** (क) ऐसे मामलों की संख्या जिनमें वर्ष के दौरान विक्रय के प्रमाण पत्र को निलंबित करने के लिए कार्रवाई आरंभ की गई (ख) वर्ष के दौरान निलंबन के निपटान किए गए मामले जिनमें- (i) निलंबित किए गए विक्रय के प्रमाण पत्र की संख्या ; (ii) बंद किए गए मामलों की संख्या और जारी किए गए विक्रय के प्रमाण पत्र ; (iii) वर्ष के अंतिम दिन की स्थिति के अनुसार लंबित मामले	:	
(IV)	विक्रय प्रमाण पत्र के निलंबन का प्रतिसंहृण करने के लिए आवेदन- (क) वर्ष के दौरान विक्रय प्रमाण पत्र के निलंबन का प्रतिसंहृण करने के लिए आवेदनों की संख्या ; (ख) ऊपर (क) में प्राप्त आवेदनों की संख्या जिनका वर्ष के दौरान निपटान किया गया जिनमें - (i) ऐसे आवेदनों की संख्या जिनमें निलंबन का प्रतिसंहृण किया गया और विक्रय प्रमाण पत्र को पुन: विधिमान्य किया गया ;	:	

IndiaCode

	(ii) बंद किए गए मामलों की संख्या और जारी रखा गया निलंबन ; (ग)) वर्ष के अंतिम दिन की स्थिति के अनुसार प्रतिसंह्लण के लिए आवेदनों की संख्या;		
(V)	**विक्रय प्रमाण पत्र रद्द करने के मामले-** (क) ऐसे मामलों की संख्या जिनमें वर्ष के दौरान विक्रय प्रमाण पत्र रद्द करने के लिए कार्रवाई आरंभ की गई; (ख) वर्ष के दौरान विक्रय प्रमाण पत्र रद्द करने के निपटाए गए मामलों की संख्या जिनमें – (i) रद्द किए गए विक्रय प्रमाण पत्रों की संख्या ; (ii) बंद किए गए मामलों की संख्या और जारी रखे गए प्रमाण पत्र ; (ग)) वर्ष के अंतिम दिन की स्थिति के अनुसार लंबित मामलों की संख्या;	:	
(VI)	वर्ष के दौरान आयोजित नगर विक्रय समिति की बैठकों की संख्या	:	
(VII)	वार्ड, क्षेत्र/कालोनी/मार्ग, विक्रय जोन के मानचित्र सहित पहचाने गए विक्रय जोनों की वार्डवार सूची तथा उनकी धारण क्षमता	:	
(VIII)	वार्ड वार रजिस्ट्रीकृत पथ विक्रेताओं की संख्या जिन्हें अधिसूचित विक्रय जोनों में शामिल किया गया है	:	
(IX)	अन्य कार्यकलाप- (1) (क) वर्ष के दौरान उसके कार्यकलापों की संचालित की गई सामाजिक संपरीक्षा ; (ख) वर्ष के दौरान प्रत्यय, बीमा और सामाजिक सुरक्षा की पथ विक्रताओं के लिए अन्य कल्याणकारी स्कीमों को उपलब्ध कराने के लिए किए गए संवर्धनकारी उपाय ; (ग) वर्ष के दौरान लोगों में पथ विक्रेताओं की अर्थव्यवस्था में भूमिका के विषय में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए उठाए गए कदम ।	:	

IndiaCode

	(2) यथास्थिति, सरकार या स्थानीय प्राधिकरण नगर विक्रय समिति से ऐसे रिटर्न ऐसे प्ररूप में जिसकी समय समय पर मांग की जाए प्रस्तुत करने की अपेक्षा कर सकेगी ।		

[फा.सं. 11028/3/2011-यूएसडी]

बी. के. अग्रवाल, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF HOUSING AND URBAN POVERTY ALLEVIATION

NOTIFICATION

New Delhi, the 27th July, 2015

G.S.R. 587(E).—In exercise of the powers conferred by Section 36 read with sub-clause (i) of clause (a) of sub-section (1) of Section 2 of the Street Vendors (Protection of Livelihood and Regulation of Street Vending) Act, 2014 (7 of 2014), the Central Government, hereby makes the following rules for the Union Territory of Lakshadweep namely:—

CHAPTER I

PRELIMINARY

1. **Short title and commencement.-** (1) These rules may be called the 'Union Territory of Lakshadweep' Street Vendors (Protection of Livelihood and Regulation of Street Vending) Rules, 2015.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Definitions.- (1) In these rules, unless the context otherwise requires, -

(a) "Act" means the Street Vendors (Protection of Livelihood and Regulation of Street Vending) Act, 2014 (7 of 2014);

(b) "Bye-laws" mean the bye-laws made under section 37 of the Act;

(c) "Form" means a form appended to these rules;

(d) "Government" means the Administrator of the Union Territory;

(e) "Grievance redressal and dispute resolution committee" means a committee constituted by the Government under sub-section (1) of section 20 of the Act for the redressal of grievances or resolution of disputes;

(f) "local authority" means the local authority as defined under clause (c) of sub-section (1) of section 2 of the Act;

(g) "Municipal Commissioner" means the Commissioner of a Municipal Corporation or Chief Officer of a Municipal Council and includes the Vice Chairman of the Union Territory Development Authority, if any; or as the case may be, the Chief Executive Officer of the Cantonment Board ;

(h) "rule" means rules made under section 36 of the Act;

(i) "Schedule" means a schedule appended to these rules or the Act, as the case may be;

(j) "scheme" means a scheme framed by the Central Government under section 38;

(k) "section" means a section of the Act;

(2) Words and expressions used herein and not defined, but defined in the Act, shall have the meanings respectively assigned to them in the Act.

CHAPTER II

REGULATION OF STREET VENDING

3. Prescription of age for issue of certificate of vending.- A street vendor who has completed the age of fourteen years shall be issued a certificate of vending in the manner provided under section 4.

CHAPTER III

DISPUTE REDRESSAL MECHANISM

4. Constitution of Grievance redressal and dispute resolution committees.- (1) There shall be a Grievance redressal and dispute resolution committee for each local authority, constituted by the Government under sub-section (1) of section 20 of the Act, comprising of a Chairperson, who has been a civil judge or a judicial magistrate and two other professionals as members.

(2) The Chairperson and members of a Grievance redressal and dispute resolution committee shall be appointed by the Government, for a period of five years:

Provided that no Chairperson shall hold office as such after he has attained the age of sixty-seven years.

